# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–08.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

नई दिल्ली के भारत मंडपम में दस से बारह जनवरी तक आयोजित होने वाले 28वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव में झारखंड के 60 युवा भाग लेंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव ने आज राजभवन से युवाओं के दल को दिल्ली के लिए रवाना किया। इससे पहले राज्यपाल ने युवाओं से संवाद किया। इस दौरान युवाओं ने विकसित भारत और महिला सशक्तीकरण समेत अन्य विषयों पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी बात रखी। मौके पर राज्यपाल ने उम्मीद जतायी कि ये युवा पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनायेंगे।

*************

देश में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस–एचएमपीवी की पुष्टि के बाद झारखंड में भी स्वास्थ्य महकमा सतर्क हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने सभी सिविल सर्जन को एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने एयरपोर्ट, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर संदिग्धों की स्क्रीनिंग का भी निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही सभी जिलों में वायरस से निपटने की तैयारी शुरु कर दी गयी है। सरायकेला खरसावां जिले के सिविल सर्जन डा. अजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि इस वायरस से घबराने की जरुरत नहीं है। उन्होंने लोगों से मास्क का इस्तेमाल करने की अपील की है।

*************

देवघर में एम्स प्रबंधन ने एचएमपीवी की चुनौतियों से निपटने की तैयारियां आरंभ कर दी है। एम्स निदेशक सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि एचएमपीवी वायरस को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की गाइडलाइन का अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंने हृदय और फेफडों की बीमारी से ग्रस्त मरीजों को इस वायरस से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

*************

एक देश एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक आज दिल्ली में हो रही है। मीडिया से बात करते हुए कमेटी के अध्यक्ष बीजेपी सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि समिति सभी हितधारकों को सुनने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि समिति सभी सदस्यों के साथ मिलकर सभी से इनपुट लेने के बाद आगे बढ़ने का फैसला करेगी।

*************

केंद्र ने श्री वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो का नया अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है। वे 14 जनवरी को कार्यभार ग्रहण करेंगे। वे इसरो के मौजूदा अध्यक्ष एस. सोमनाथ का स्थान लेंगे।

*************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें शत–शत नमन किया।

*************

रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के तिरसा चौक के पास आज एक सड़क हादसे में तीन स्कूली छात्रों समेत चार की मौत हो गयी, जबकि कई बच्चे गंभीर रुप से घायल हुए हैं। बताया जाता है कि स्कूली बच्चों को लेकर जा रहे ऑटो को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया।

*************

दुमका जिले में संताल जनजातीय समाज का सबसे बड़ा त्यौहार सोहराय धूमधाम से मनाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*************

हजारीबाग के सीएम उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय में साइबर जागरूकता सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। एडिशनल एसपी अमित कुमार ने एटीएम और अन्य योजनाओं के नाम पर होने वाले साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही ओटीपी साझा न करने और धोखाधड़ी की सूचना टोल फ्री नंबर 1930 पर देने की अपील की

******समाप्त***********